जयपुर में नकली शराब की फैक्ट्रियों पर छापेमारी, ऑटोमेटिक मशीन से तैयार हो रहा था दारू

जयपुर. राजधानी जयपुर में पुलिस ने इस साल की शुरुआत में नकली शराब के खिलाफ सबसे बड़ी कार्रवाई करते हुए 4 फैक्ट्रियों पर छापेमारी की. मामले में पुलिस ने 10 लोगों को गिरफ्तार करते हुए भारी मात्रा में नकली शराब बरामद की है, जो कि महंगे दामों वाले ब्रांड के रैपर लगाकर बाजार में बेची जा रही थी. पुलिस को सर्च कार्रवाई के दौरान ऑटोमेटिक मशीन से फैक्ट्रियों में ऐसी तैयार शराब भी मिली है जो कि सिर्फ सीएसडी कैंटीन में ही बेची जा सकती है. मामले में पुलिस कमिश्नरेट ने दो पुलिस थानों के 4 बीट कांस्टेबल की लापरवाही मानते हुए निलंबित कर दिया. वहीं शिवदासपुरा और सांगानेर सदर थानाप्रभारी सहित बीट प्रभारियों के खिलाफ विभागीय जांच के आदेश दिए है.

सीएसटी के कांस्टेबल अजय को मिली थी नकली शराब बनाने की सूचना

अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर अजयपाल लांबा के मुताबिक जयपुर पुलिस कमिश्नरेट के सीएसटी में शामिल कांस्टेबल अजय को 10 दिन पहले सूचना मिली थी कि सांगानेर सदर इलाके में शिकारपुरा गांव में नकली शराब बनाने का कारखाना व गोदाम है. जहां ऑटोमेटिक मशीन से स्प्रिट व पानी मिक्स कर नकली शराब तैयार की जा रही थी. तब सीएसटी की टीम ने देर रात किराए के मकान में चल रही फैक्ट्री पर छापा मारा.

सिर्फ सीएसडी कैंटीन में बिकने वाली शराब के रैपर मिलना बेहद डराने वाला

एडिशनल डीसीपी सुलेश चौधरी के मुताबिक बाजार में उपलब्ध शराब के नामी ब्रांड के

रैपर मिले है. खासतौर पर सीएसडी कैंटीन में बिकने वाली शराब के रैपर मिले है. ये एक भयभीत करने वाला मामला है, क्योंकि मार्केट में लोग इस ब्रांड को ओरिजनल मानकर खरीदते है. ये ब्रांडेड रैपर कहां से मिले इस पूरे गिरोह में शामिल सभी लोगों की भूमिका की जांच कर कार्रवाई की जाएगी.

Source: https://hindi.news18.com/news/rajasthan/jaipur-raid-on-spurious-liquor-factories-in-jaipur-which-was-being-prepared-by-automatic-machine-5251197.html